
मेले में एंजेलीना

कैथरीन हॉलबर्ड
चित्र: हेलेन क्रैग
हिंदी: संतोषजी



शहर में मेला आया है। एंजेलिना अपने चचेरे भाई हेनरी को लेकर मेले में जाती है और वहाँ उसे बड़े-वीहल, बड़े-डिपर और भूत-बंगले में ले जाती है। परन्तु वहाँ वह मज़ा लेने में इतना खो जाती है कि उसे मालूम ही नहीं पड़ता कि उसका भाई कब भीड़ में खो गया...

मेले में एंजेलीना




कैथरीन हॉलबर्ड

चित्र: हेलेन क्रैग


हिंदी: संतोषजी


पूरी सर्दी एंजेलिना अपना जेब खर्च उस शानदार दिन के लिए बचाती रही जिस दिन उसके शहर में मेला फिर से आएगा। जब वह नाचने में व्यस्त नही होती तो वह अपनी खिड़की के पास बैठकर “बड़े-झूले“ और “बिग-डिपर” के बारे में दिन में सपने देखा करती थी। उसे सभी मज़ेदार राइडस पसंद थीं।




आख़िर में जब सारी बर्फ़ पिघल गई और हवा फिर से थोड़ी गर्म हुई तो “मे-डे“ मेला शहर में लगा।

ऐंजोलीना की “बैले डांस” क्लास ने बसंत के जश्न पर स्कूल में “मे पोल” डांस किया। एंजेलिना इतनी उत्साहित हो गई और की वह पोल के चारों ओर मानो उड़ने लगी। सभी बच्चों के माता-पिता ने उसे देखा और उसे ख़ूब सराहा।








डॉस के बाद एंजेलिना अपने दोस्तों के साथ मेले में जाना चाहती थी लेकिन उसके माता-पिता ने उसे मना किया। "तुम भूल रही हो कि आज तुम्हारा छोटा चचेरा भाई हैनरी, आ रहा है," उसके पिता ने कहा। "और वह बहुत उदास होगा यदि वह तुम्हारे साथ मेले में नहीं जा पाया।"

एंजेलिना को बहुत गुस्सा आया और वह बोली, "मैं हैनरी को अपने साथ नहीं ले जाना चाहती। मुझे छोटे लड़कों से नफ़रत है!" परन्तु जब हैनरी ने अपना हाथ बढ़ाया तो ऐंजोलीना को उसे अपने साथ ले जाना पड़ा। मेले में से संगीत की धुन सुनाई पड़ रही थी और उसके दोस्त पहले ही मेले में पहुँच गये थे। ऐंजोलीना ने हैनरी का हाथ पकड़ा और उसे खींचकर अपने साथ जितनी जल्दी दौड़ सकती थी ले गई।





मेले के द्वार पर रंगीन और चमकदार गुब्बारों का स्टैंड था। हैनरी चिलाया “देखो गुब्बारे!”

परन्तु ऐंजोलीना ने ध्यान नहीं दिया और बोली “हमें बड़े-वहील पर जाना है। बड़ा-वीहल बहुत बड़ा था और हैनरी डर गया, परंतु ऐंजोलीना को हवा में उड़ना पसंद था इसलिए उन्होंने दो राइड ली ।






जब वो राइड से उतरे तो हैनरी को मिचली का एहसास हुआ परन्तु जैसे ही उसने “मेरी-गो-राउंड“ देखा तो वो ख़ुश हुआ और बोला “क्या हम उस पर सवारी कर सकते हैं?”

“नहीं अभी नहीं। अभी तो हमें “फ़ास्ट राइडस पर जाना है“ और वो बेचारे हैनरी को “बड़े-डिपर“ पर ले गयी। हैनरी ने अपनी आँखें बंद कर ली और कस कर पकड़ लिया क्योंकि उसकी कार पटरी पर तेज़ी से ऊपर-नीचे दौड़ रही थी।


एंजलीना को बहुत मज़ा आ रहा था लेकिन हैनरी अब निश्चय नहीं कर पा रहा था कि वह और राइड लेना चाहेगा या नहीं।




फिर एंजेलिना ने भूत-बंगला ("हौनटिड हाउस") देखा और हैनरी को उसके अंदर ले गई यह कहते हुए "मुझे यकीन है कि यह तुम्हें बहुत पसंद आएगा।"








जैसे ही वो अंदर जाने लगे एक बड़ी सी मकड़ी उनके सिर पर झूल गई
और एक कंकाल उछलकर बाहर आया और उनकी तरफ़ इशारा करने लगा ।




जब वो एक भूत से टकराए ऐंजोलीना ने
हैनरी को छूना चाहा ...परंतु वह वहाँ नहीं था ।

“हैनरी हैनरी,” एंजेलिना चिल्लायी, लेकिन अँधेरे में से कोई आवाज़ नहीं आई। एंजेलिना जल्दी से भूत बंगले में दुबारा गई और हैनरी के खोजने लगी।







सब जगह वह हैनरी को खोजने लगी और मकड़ी के जाल में फँस गईं। अंत में टिकट बचनेवाले ने उसे बाहर निकाला।



एंजोलीना को हैनरी, भूत बंगले के बाहर भी नहीं मिला। वो भीड़ में उसको खोजने लगी। सारी राइडस और सारी गेम्स के पास भी हैनरी नहीं मिला।

चिंतित और परेशान होकर वह गेट के पास बैठ गईं और रोने लगी।





पर हैनरी तो गुब्बारे वाले के पास खड़ा था और उसको गुब्बारों में हवा भरते हुए देख रहा था।

एंजोलीना को राहत मिली और उसने हैनरी को उसने गले लगाया और उसको चूमा भी, और पूछा, “हैनरी तुम्हारा पसंदीदा रंग क्या है?”

हैनरी ने नीला गुबारा पसंद किया।



“अब तुम क्या करना चाहोगे?” एंजोलीना ने प्यार से पूछा।



हैनरी ने कहा कि वह “मैरी-गो-राउण्ड” पर जाना चाहेगा तो वो उस पर तीन बार घूमें और उन्हें बहुत मज़ा आया।



उसके बाद उन्होंने डबल चाकलेट आइसक्रीम खाई और धीरे-धीरे घर की तरफ़ चलने लगे।

हैनरी ने कहा “मुझे मेला पसंद आया।“

फिर एंजेलिना मुस्कुराते हुए कहा, “तुम मेरे साथ कभी भी मेले में चल सकते हो।“